समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Friday, 25 September 2026

# ईरान पर इजरायली मिसाइल हमला : तेल मे लंगी आग, रुपया टूटा, भारत पर क्या पड़ेगा असर ?

Publisher | Published on 13 Jun 2025



## मिडिल ईस्ट मे युंद्ध जैसे हालात, भारत की अर्थव्यवस्था पर मंडराया संकट।

मध्य पूर्व (Middle East) में तनाव चरम पर है। **इजरायल ने ईरान पर मिसाइल** हमला किया, जिससे न **केवल तेल भंडारों मे आग लग गई**, बल्कि **वैश्विक बाजार मे क्रूड ऑयल की कीमते 12% तक उछल गईं**। इस घटना ने वैश्विक आर्थिक बाजारों को झकझोर दिया है, और भारत पर भी इसका तत्काल असर देखने को मिला।

शुक्रवार सुबह **अमेरिकी डॉलर** के मुकाबले **भारतीय रुपया टूटकर 86.20 तक** पहुंच गया। हालांकि, **RBI** के त्वरित हस्तक्षेप से डॉलर की बिकवाली की गई, जिससे रुपया थोड़ा संभला और 86.04 पर बंद हुआ।

**कच्चे तेल की कीमत मे उंछाल : 78 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंचा ब्रेंट**
तेल की **वैश्विक आपूर्ति** पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। ईरान और इजरायल के बीच तनाव की वजह से दुनिया के सबसे संवेदनशील समुद्री मार्गों में से एक — **हॉर्मुज़ जलडमरूमध्य (Strait of Hormuz)** — से तेल आपूर्ति बाधित होने की आशंका है। इसी रास्ते से दुनिया का लगभग 20% क्रूड ऑयल गुजरता है।

**भारतीय रुपया दबाव मे, RBI ने संभाला मोर्चा**
रुपये की गिरावट पर **RBI ने शुक्रवार को डॉलर बेचकर मुद्रा बाजार** में स्थिरता लाने की कोशिश की। इससे यह संकेत मिलता है कि भारत सरकार किसी भी प्रकार के बाहरी आर्थिक झटकों से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है।

**भारत पर असर : महंगाई, व्यापार घाटा और आयात बिल बढ़ने की आशंका**

भारत अपनी कुल **कच्चे तेल** की जरूरतों का लगभग **85% आयात** करता है। ऐसे में तेल की कीमतों में आई तेज बढ़ोतरी का असर सीधे आम जनता की जेब पर पड़ेगा। इससे न केवल महंगाई बढ़ेगी बल्कि **भारत का व्यापारिक घाटा (Trade Deficit)** भी बढ़ सकता है।

यदि यह संकट लंबा चलता है तो ईंधन के दामों में बढ़ोतरी से **ट्रांसपोर्ट, खाद्य सामग्री**, और **रोजमर्रा** की ज़रूरत की वस्तुओं की कीमतें भी बढ़ सकती हैं।

**क्या कहना है विशेषज्ञों का ?**

**वित्तीय विश्लेषकों** का मानना है कि यदि तेल की कीमत **80 डॉलर** से ऊपर बनी रहती है, तो भारत के लिए यह बड़ा **आर्थिक झटका** साबित हो सकता है।
**RBI को ऐसे हालात मे मौद्रिक नीतियों** में बदलाव करने की ज़रूरत पड़ सकती है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.